देश में तेल शोधक कारखाने और उनका उत्पादन

771. **श्री मीर्जा इर्शादबेग:** क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कितने तेल शोधक कारखाने हैं और वे कहां-कहां स्थित हैं ;

(ख) उनकी कुल क्षमता की तुलना में उनमें प्रतिवर्ष कितनी मात्रा में तेल शोधित किया जाता है ;

(ग) क्या तेल-शोधक कारखानों की क्षमता कच्चे तेल के उत्पादन की तुलना में पर्याप्त है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ;

(घ) कुल कितने तेल-शोधक कारखानों की आवश्यकता है और इस संबंध में सरकार की क्या योजनाएं हैं ;

(ङ) क्या गुजरात में एक और तेल-शोधक कारखाना स्थापित करने का विचार है ; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(च) क्या राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में कोई मांग की गयी है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) और (ख) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

(ग) इस समय देश में उपलब्ध शोधन-क्षमता देश में उत्पादित किए जा रहे कच्चे तेल को प्रोसेस करने के लिए पर्याप्त है ।

(घ) से (च) भविष्य में पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए करनाल में एक ग्रास रूट रिफाइनरी स्थापित करने की योजना है । मंगलूर और असम में नई रिफाइनरियों को स्थापित करने के प्रस्ताव भी सरकार के विचाराधीन हैं । इसके अतिरिक्त कम लागत पर अड़चनों को दूर करके कोचीन, बरौनी, डिग्बोई, गुवाहाटी, मद्रास और कोयाली रिफाइनरियों की क्षमताओं का विस्तार करने का भी प्रस्ताव है । इन स्कीमों से लगभग 7 मिलियन टन प्रतिवर्ष की अतिरिक्त शोधन-क्षमता प्राप्त होगी और अधिक शोधन क्षमताओं को बनाने के प्रस्तावों और उनके स्थानों के बारे में आठवीं योजना को अन्तिम रूप दिये जाने के समय विचार करने की संभावना है । गुजरात सरकार से रिफाइनरी स्थापित करने के लिए हाल में कोई विशिष्ट प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

विवरण

(क) देश में वर्तमान रिफाइनरियों का ब्यौरा इस प्रकार है :–

कंपनी का नाम	स्थान
1. इंडियन आयल कारपोरेशन लि०	डिग्बोई
	गुवाहाटी
	बरौनी
	हल्दिया
	मथुरा
	कोयाली

2. भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि०	बम्बई
3. हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लि०	बम्बई
	विशाखा
4. बोंगाईगांव रिफ़ाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड	बोंगाइगांव
5. कोचीन रिफ़ाइनरी लिमिटेड	कोचीन
6. मद्रास रिफ़ाइनरी लिमिटेड	मद्रास

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान कुल शोधन क्षमता और कूड थ्रूपुट इस प्रकार रही :

वर्ष	संशोधन क्षमता	मिलियन टन
1986-87	47.55	42.91
1987-88	48.70	47.75
1988-89	48.70	48.80

*(एच पी सी एल को बम्बई रिफ़ाइनरी में 2 मिलियन टन प्रति वर्ष की रिवंग क्षमता सहित)

Power Generation in the Country

772. SHRI MIRZA IRSHAD-BAIG : Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) what is the quantum of power being produced by each State and what is the production capacity of power stations and estimated cost of production, in each State;

(b) what are the number of new proposals received from each State for new projects by the Central Government and what decisions have been taken thereon;

(c) by when these proposals are likely to be cleared}

(d) what is the number of Hydro Power Production Stations established so far;

(e) what is the number of new stations proposed to be established; and

(f) if so, by when and at what places?

THE MINISTER OF ENERGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI ARIF MOHD. KHAN): (a) to (f) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

राज्यवार मंजूर किए गए गैस कनेक्शन

773. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में खाना पकाने की गैस के राज्यवार कुल कितने कनेक्शन मंजूर किए गए हैं ; और